
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 11.04.2022 से 14.04.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अखंड भारत संदेश यात्रा का शुभारंभ

(दिनांक 12.04.22)




**विषय: अखंड भारत संदेश यात्रा का शुभारंभ।**

प्रभावरू माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ़ से अखंड भारत यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने यात्रा में शामिल सभी युवाओं से राष्ट्र–निर्माण व रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने का आव्हान किया। साथ ही अखंड भारत के लिए बेटियों द्वारा दिया जा रहा योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री जी आज यहां 'सीएम हाऊस' से 'अखंड भारत संदेश यात्रा–2022' को रवाना करने से पूर्व यात्रा में शामिल बेटियों को अपने संबोधन से प्रेरित कर रहे थे। इंडियन मीडिया सैंटर द्वारा आरंभ की गई इस यात्रा में हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व अंडमान निकोबार की 131 बेटियां शामिल हैं।

मुख्यमंत्री जी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'एक भारत श्रेश्ठ भारत' योजना के तहत इस 'अखंड भारत संदेश यात्रा' में शामिल बेटियों में राष्ट्र–भक्ति के प्रति जोश का संचार करते हुए कहा कि यह यात्रा समाज में एकता का संदेश देने में कामयाब होगी। उन्होंने कहा कि किसी उद्देष्य को लेकर किया गया आयोजन तभी सार्थक सिद्घ होगा जब उसमें भागीदारी करने वाले प्रतिभागी दिल से जुड़े होते हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अपने स्कूली–जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि जब वे वर्श 1967 में आठवीं कक्षा के छात्र थे तो उन्होंने भी 5 स्कूलों के विद्यार्थियों के 40 सदस्यीय दल के साथ एक संदेश–यात्रा में हिस्सा लिया था। इस यात्रा के दौरान उन्होंने रोहतक से शुरू होकर चंडीगढ़, शिमला, कंडाघाट आदि स्थानों का भ्रमण किया। उस यात्रा का अनुभव अद्भूत रहा था जो कि आज भी उनके मानस–पटल पर अंकित है।

मुख्यमंत्री जी ने 'अखंड भारत यात्रा–2022' में शामिल बेटियों को सफल जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस यात्रा का उनकी जिंदगी में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नगर दर्शन पोर्टल का शुभारंभ

(दिनांक 13.04.22)



**विषय: नगर दर्शन पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पारदर्शिता और सुशासन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए नगर दर्शन पोर्टल का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के माध्यम से शहरों में रहने वाले नागरिक अपनी समस्याओं और डिमांड को ऑनलाइन माध्यम से सीधे सरकार तक पहुंचा सकते हे।उन्हे किसी दफ़्तर जाने या आवेदन देने की आवष्यकता नहीं पड़ेगी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके माध्यम से अब हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों के कार्यों का डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह वन–स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। अब नागरिक अपने वार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की मांग, शिकायत व सुझाव 'नगर दर्शन' पोर्टल पर दे सकेंगे ।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों के संपूर्ण रिकॉर्ड को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 'नगर दर्शन' पोर्टल के शुभारंभ से अब हरियाणा के प्रत्येक निकायों में क्रियान्वित किए जा रहे विकास कार्यों सहित नये विकास कार्यों की मांग का संपूर्ण डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होगा। साथ ही, यह कायों की विश्वसनीयता बढ़ाने में भी कारगर साबित होगा और नागरिकों के लिए सूचना के स्रोत के रूप में कार्य करेगा। इससे विकासात्मक योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि 'नगर दर्शन' का मुख्य उद्देष्य निकायों की वेबसाइटों के माध्यम से सभी सरकारी सेवाओं को नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है और उनकी मूलभूत आवष्यकताओं को पूरा करने के लिए ऐसी सभी सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिष्चित करना है।

# हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 14.04.22)



**विषय: हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक।**
**प्रभाव:** चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में आज माननीय मुख्यमंत्री जी अध्यक्षता में हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

इसमें अगले महीने 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बांटे जाने वाले लगभग ढाई लाख टैबलेट की ख़रीद भी शामिल है। इसके साथ ही समिति ने 47 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 5 लाख डाटा सिम कार्डो की खरीद को मंजूरी प्रदान की। इन सिम कार्डो को 2जीबी की दैनिक डाटा सीमा के साथ टैबलेट के साथ दिया जाएगा। मई माह में 10वीं – 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लगभग 2.5 लाख टैब वितरित किए जाएंगे।


साथ ही उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) की आवश्यकताओं के अनुसार 48.89 करोड़ रुपये की लागत से 11 मीटर लंबे पीसीसी पोल की आपूर्ति की खरीद को भी मंजूरी दे दी है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती
(दिनांक 14.04.22)





**विषय: बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें नमन कर भारत निर्माण में किए गए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने बैसाखी के पर्व की भी प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि ये त्योहार सभी के जीवन में अपार उल्लास, सुख–समृद्धि व उन्नति लाए, यही ईश्वर से उनकी कामना है।

बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश सरकार ने विभिन्न वर्गों विशेषकर, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की है ताकि अंत्योदय की भावना से समाज के कमजोर से कमजोर व्यक्ति के विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सके ।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया था, उस पर हमें आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, संत कबीर तथा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों की जयंतियां मनाने का निर्णय लिया गया है, जिससे लोगों, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का मौका मिलता है। इससे हमारे युवाओं को इन महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने की सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम पार्टी ऑफिस "गुरुकमल" का उद्‌घाटन

(दिनांक 14.04.22)




**विषय: गुरुग्राम पार्टी ऑफिस "गुरुकमल" का उद्‌घाटन।**

**प्रभाव:** आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी ने गुरुग्राम में नवनिर्मित पार्टी ऑफिस गुरुकमल का उद्‌घाटन किया।इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी भी मौजूद रहे।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने प्रदेश में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं और कार्य की तारीफ़ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की अंत्योदय की परिकल्पना अब मूर्तरूप लेने लगी है।

साथ ही उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सही मायनों में अंत्योदय पर काम किया है। आज गांवों को 'लाल डोरा मुक्त' करने की योजना को केन्द्र सरकार ने 'स्वामित्व योजना' के रूप में पूरे देश में लागू किया। मुख्यमंत्री जी ने परिवार पहचान पत्र, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, म्हारा गांव–जगमग गांव योजना, हर घर–नल से जल आदि योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है।

लोग ऊपर से नीचे तक बदलाव करने की बात करते हैं लेकिन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बदलाव की शुरूआत सीधा नीचे से की है। समर्थ हरियाणा बनाना उनका पहला लक्ष्य है ताकि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का भला हो सके।

मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि सरकार को एक–एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक–एक परिवार की चिंता है,

# साप्ताहिक सूचना पत्र



क्योंकि यहां व्यक्ति एक ईकाई नहीं बल्कि परिवार को एक ईकाई मानते हुए परिवार पहचान पत्र की योजना शुरू की गई है। यह आधार कार्ड के बाद सत्यापित डाटा का सबसे सटीक दस्तावेज होगा। परिवार को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ घर बैठे ही मिले और उन्हें दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े इससे बेहतर और क्या हो सकता है।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हर क्षेत्र का समान विकास कर रहे हैं। आज स्थिति ये है कि पूरे प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में चाहे भाजपा का विधायक हो या न हो लेकिन मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के उन क्षेत्रों के लिए नई–नई योजनाओं का पिटारा खोल रहे हैं। मुख्यमंत्री माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मूलमंत्र लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त किया और हरियाणा आने पर उनका स्वागत करते हुए कहा की हरियाणा सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के सबका साथ और सबका विकास को साकार करने के लिए लगातार काम कर रहीं है और करती रहेगी। अब समाज में अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति अकेला नहीं होगा सरकार उसके साथ है और उसी को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही है।

साथ ही उन्होंने गुरुग्राम के इस भव्य पार्टी कार्यालय को सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए इसे उनकी ही मेहनत का परिणाम बताया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अरावली क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में

(दिनांक 14.04.22)




**विषय: अरावली क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में।**

**प्रभाव:** अरावली क्षेत्र में वर्ल्ड क्लास ट्रैकिंग तथा जंगल सफारी बनाए जाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आज गुरुग्राम में माननीय मुख्यमंत्री जी तथा केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श और मंथन किया। साथ ही अधिकारियों को इस संबंध में प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देष भी दिए ।

अभी यह प्रोजेक्ट अपने शुरूआती दौर में ही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ल्ड क्लास वन या जंगल सफारी विकसित करने के लिए एक कमेटी बनाकर प्रोजेक्ट तैयार करें जिसमें पर्यटन तथा वन विभाग के अधिकारियों के अलावा गुरूग्राम तथा नूंह जिलों के उपायुक्तों और जिला विकास पंचायत अधिकारियों को शामिल करें।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट का पूरा खाका तैयार करके उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करें जिसमें हर चरण के लिए टाईम लाईन अर्थात् समय सीमा तय हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस जंगल सफारी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए विश्व स्तरीय विषेशज्ञो से राय व सुझाव प्राप्त किए जाएं और प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार होने के बाद उसके ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी विकसित होने से एक ओर जहां इस पर्वत श्रृंखला को संरक्षित करने में मदद मिलेगी वहीं दूसरी ओर दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों से यहां काफी संख्या में लोग पर्यटन के लिए आएंगे जिससे स्थानीय लोगों के लिए बहुत सारे रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। आसपास के गांवों में ग्रामीणों को होम स्टे पॉलिसी के तहत लाभ होगा।